

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -**
संकट के समय कभी भी अपने मित्र, परिजन और रिश्तेदारों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि ये ही समय अगले के प्रति आपकी निष्ठा और समर्पण को प्रमाणित करता है।

| रविवार, 14 सितंबर 2025<br>आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष - 07 | अंक 34 | UAN NO. RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|




# असम दौरे पर PM मोदी

## जनसभा के दौरान मां की तस्वीर देखकर हुए भावुक

एजेंसी. गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें दरांग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, एक जीएनएम स्कूल और बीएससी नर्सिंग कॉलेज शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के दरांग जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के बाद कल मेरा असम का पहला दौरा था। मां कामाख्या के आशीर्वाद से ऑपरेशन सिंदूर बहुत बड़ी सफलता थी। आज मां कामाख्या की इस धरती पर आकर मुझे एक अलग ही पवित्र अनुभूति हो रही है और ये भी सोने पे सुहागा है कि आज इस क्षेत्र में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। लाल किले से मैंने कहा था, मुझे चक्रधारी मोहन याद आए। मुझे श्री कृष्ण याद आए, और मैंने भविष्य की सुरक्षा नीति में एक सुदर्शन चक्र का विचार लोगों के सामने रखा है।"

पीएम मोदी ने कहा, "हम पहले ही भारत रत्न सुधाकंठा भूपेन हजारिका जी का जन्मदिन मना चुके हैं। कल मुझे उनके सम्मान में आयोजित एक बहुत बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने मुझे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखाया, और इसे देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। जिस दिन भारत सरकार ने इस देश के महान सपूत, असम के गौरव, भूपेन हजारिका जी को भारत रत्न दिया। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा था कि मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं।"

संबोधन के दौरान एक बच्चा प्रधानमंत्री की मां की तस्वीर लेकर पहुंचा था, जिसे देखकर पीएम मोदी भावुक हो गए।

उन्होंने आगे कहा, "1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद पंडित नेहरू ने जो कहा, वो उत्तर पूर्व के लोगों के घाव आज भी नहीं भरे हैं। उस घाव पर कांग्रेस की वर्तमान पीढ़ी भी नमक छिड़कने का काम कर रही है। आम तौर पर मुझे कितनी भी गालियां दें... मैं तो भगवान शिव का भक्त हूं, सारा ज़हर निगल लेता हूं, लेकिन जब बेशर्मी के साथ किसी और का अपमान होता है, तब मुझसे सहा नहीं जाता।"

पीएम मोदी ने कहा, "जब 1962 का युद्ध हुआ, तो असम ने उसे प्रत्यक्ष रूप से देखा। उस समय, भूपेन दा ने राष्ट्र के संकल्प को और मज़बूत किया। उन्होंने एक ऐसा गीत गाया जिसने भारत के लोगों में नई ऊर्जा और साहस भर दिया। वह भावना आज भी हमारे देशवासियों के दिलों में चट्टान की तरह मज़बूती से जमी हुई है। हमने यही भावना #ऑपरेशनसिंदूर के दौरान भी देखी, जब भारत ने पाकिस्तान की आतंकी साजिशों का ऐसा करारा जवाब दिया कि हमारी ताकत की गूंज दुनिया भर में सुनाई दी। ऑपेरशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के आतंकी मंसूबो को देश ने ऐसा जवाब दिया कि भारत की ताकत की गूंज पूरी दुनिया तक गई है। हमने दिखा दिया कि भारत का दुश्मन किसी भी कोने में सुरक्षित नहीं रहेगा। नया भारत किसी भी कीमत पर अपनी सुरक्षा और स्वाभिमान से समझौता नहीं करेगा।"

उन्होंने कहा, "पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है। हाल ही में, इस मंच से लगभग 6,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। हमारी डबल इंजन सरकार असम को कनेक्टिविटी और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के केंद्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। ये परियोजनाएं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेंगी।" पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के 25 साल बीत चुके हैं। अब 21वीं सदी का ये अगला हिस्सा ईस्ट का है, नॉर्थ ईस्ट का है।

# कप्तान यादव को जन्मदिन पर जीत का तोहफा देना चाहेगी टीम इंडिया

**भारत का आज पाकिस्तान से मुकाबला कप्तान की भी है परीक्षा**

एजेंसी | दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए आज का दिन काफी अहम रहने वाला है। टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए भी ये दिन स्पेशल है। एशिया कप में जहां एक ओर टीम इंडिया का मुकाबला पाकिस्तान से अब से कुछ ही देर बाद होगा, वहीं आज यानी 14 सितंबर को सूर्यकुमार यादव का जन्मदिन भी है। सूर्या के जन्मदिन पर टीम उनको पाकिस्तान को हराकर जीत का तोहफा देने की पूरी तैयारी कर चुकी है, वहीं कप्तान को भी इस मैच में अपनी भूमिका अदा करनी होगी।

एशिया कप का आगाज हो चुका है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में यूएई को हराकर जीत से इस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया है। अब बारी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले की है। जो अब से कुछ ही देर बाद यानी 14 सितंबर को रात आठ बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम के लिए जो 15 खिलाड़ी चुने गए हैं, उनकी पूरी कोशिश होगी कि वे पाकिस्तान को हराकर कप्तान को गिफ्ट दें। हालांकि इस बार टक्कर बराबरी की नहीं है। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम काफी कमजोर नजर आ रही है, वहीं टीम इंडिया लगातार कमाल का खेल दिख रही है। वैसे तो सभी फैंस चाहेंगे कि मुकाबला टक्कर का हो, ताकि पूरा मजा आए, शायद ऐसा ना हो, भारतीय टीम पाकिस्तान पर बहुत भारी नजर आ रही है।

सूर्यकुमार यादव जबरदस्त फार्म में : इस बीच बात अगर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की करें तो वे जबरदस्त फार्म में नजर आ रहे हैं। यूएई के खिलाफ हुए मुकाबले में वैसे तो सूर्या ने केवल दो ही बॉल खेलीं, लेकिन पहली ही बॉल पर छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। एशिया कप से पहले भी सूर्या ने साफ तौर पर कह दिया था कि वे यहां आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए आए हैं। ये यूएई के खिलाफ दिखाई भी दिया। वैसे तो इस मैच में यूएई से मुकाबला था तो ज्यादा कठिनाई नहीं हुई। है तो पाकिस्तानी टीम भी कमजोर, लेकिन इतना तो है ही कि मुकाबला कुछ ओवर तक जरूर हो जाए।

21 सितंबर को फिर हो सकता है मुकाबला : भारतीय टीम ने जहां एक ओर अपने पहले मैच में यूएई को हराया है, वहीं पाकिस्तान ने भी ओमान को हराकर अपना आगाज किया है। एशिया कप के ग्रुप में यही चार टीमें हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले से ही तय होगा कि इस ग्रुप में कौन सी टीम टॉप करेगी। हालांकि दूसरे नंबर पर रहकर भी पाकिस्तानी टीम अगले दौर में चली जाएगी और उसके बाद 21 सितंबर को फिर से एक और दफा भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला होगा। इस बीच देखना होगा कि आज भारतीय टीम का वो कौन सा खिलाड़ी रहेंगे, जो टीम की जीत में हीरो बनकर सामने आएंगे।



आज भारतीय कप्तान सूर्यकुमार का है जन्मदिन

### अश्विन ने टीम इंडिया को प्लेइंग 11 में बदलाव की दी सलाह

इस मुकाबले को लेकर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी बेहतरीन स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने प्लेइंग 11 एक बड़ा बदलाव करने की सलाह दी है।

टीम इंडिया को अर्शदीप सिंह को करना होगा शामिल : भारतीय टीम जब एशिया कप 2025 में अपना पहला मुकाबला यूएई के खिलाफ खेलने मैदान पर उतरी थी तो प्लेइंग 11 में जसप्रीत बुमराह के तौर पर सिर्फ एक प्रमुख तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया गया था। इस मैच में अर्शदीप सिंह को जगह नहीं मिलने पर सभी को काफी हैरानी हुई थी। वहीं अब अश्विन ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले अपने यूट्यूब चैनल पर टीम इंडिया के हेड कोच पर जहां निशाना साधा तो वहीं कहा कि ये काफी हैरान करने वाला है कि अर्शदीप सिंह को ड्रॉप किया गया, लेकिन ये कोई नई बात नहीं है। मुझे संदेह है कि ये कॉम्बिनेशन किसी बेहतर टीम के खिलाफ काम करेगा या नहीं। अर्शदीप सिंह एक अच्छे तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी काफी बेहतर परफॉर्म किया था। ऐसे खिलाड़ी को टीम से ज्यादा समय तक बाहर रखना काफी मुश्किल हो सकता है। मैं जानता हूं कि शिवम दुबे ने कुछ विकेट यूएई के खिलाफ मैच में हासिल किए थे, लेकिन इस वैसे बॉलिंग कॉम्बिनेशन से आप बड़ी टीमों के खिलाफ मैच खेलने नहीं उतर सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर अश्विन ने भारतीय बल्लेबाजों को भी सलाह दी की उन्हें अपने बल्लेबाजी अंदाज में बिल्कुल भी बदलाव करने की जरूरत नहीं है, जिसमें उन्हें आक्रामक रवैया अपनाए रहना होगा। मुझे पता है कि अभिषेक शर्मा अपने अंदाज में ही खेलेंगे और अगर वह ऐसा करने में कामयाब होते हैं तो इससे भारतीय टीम के लिए इस मुकाबले में चीजें काफी आसान हो जाएंगी।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

# जेपी नड्डा का ऐलान- दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी BJP, इतने करोड़ हुए सदस्य

भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि 14 करोड़ सदस्यों के साथ बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा में दो करोड़ सक्रिय सदस्य हैं।

जेपी नड्डा ने बताया कि पार्टी के देश भर में 240 लोकसभा सदस्य, लगभग 1,500 विधायक और विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) सरकार की सराहना की।

उन्होंने कहा, "हम (बीजेपी) 14 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। भारत के 20 राज्यों में एनडीए और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हम देश की सबसे बड़ी प्रतिनिधि पार्टी हैं। हमारे 240 सांसद (लोकसभा) हैं। हमारे लगभग 1,500 विधायक हैं। हमारे विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं।”

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल में कार्य-निष्पादन और जवाबदेह सरकार की राजनीति हुई है, जबकि पिछली सरकारों में अकार्य-निष्पादन की राजनीति थी और उन्होंने विकास कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें घोषणापत्रों में किए गए वादों को भी भूल गई थीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पहले परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "हम एक ऐसी पार्टी से आते हैं जिसका एक वैचारिक आधार है।" नड्डा ने आंध्र प्रदेश में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र ने राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

# उपखंड प्रशासन ने जीता CPL



## चिड़ावा प्रीमियर लीग के फाइनल में एडवोकेट्स इलेवन पर एक बॉल शेष रहते जीत की हासिल

आकाश वर्मा | रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा

**खेल समाचार:** प्रशासन के शहर चलो अभियान के प्रचार प्रसार के लिए शहर की स्टेशन रोड पर चल रही चिड़ावा प्रीमियर लीग का समापन रोमांचक फाइनल के साथ हुआ। एडवोकेट्स इलेवन और उपखंड प्रशासन के बीच हुए फाइनल मैच में टॉस जीत कर उपखंड प्रशासन इलेवन ने बॉलिंग वहीं। एडवोकेट्स इलेवन ने निर्धारित दस ओवर में 52 रन बनाए। मैच अंतिम ओवर तक गया और सेकेंड लास्ट बॉल पर डबल रन लेकर उपखंड प्रशासन के खिलाड़ियों ने रोमांचक जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच आदित्य को चुना गया। वहीं रजत को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

अतिथियों ने सभी को खेल भावना से खेल खेलने के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में इस टूर्नामेंट को और भी बेहतर ढंग से आयोजित करने पर बल दिया। सभी ने बेहतरीन आयोजन के लिए एक दूसरे को बधाई दी।

इस दौरान एसडीएम नरेश सोनी, डीएसपी विकास धीन्धवाल, ईओ रोहित मील, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया, नायब तहसीलदार बलबीर कुलहरि, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एलके शर्मा, भाजपा नेता सुरेश भूकर, राजस्थान शिक्षण संस्थान के संजय थालौर, पंकज नूनिया, देवानंद चौधरी, एडवोकेट शीशराम बोला, खादिम हुसैन, लोकेश शर्मा, योगेश्वर सहित गणमान्यजन और खिलाड़ी मौजूद रहे।



उपविजेता एडवोकेट्स टीम रहीं उपविजेता









# भगवान श्री कृष्ण का चरित्र सबके मन मे चलने वाली अबाध प्रक्रिया- पंडित तिवाड़ी

श्रीमद् भागवत कथा

## वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी ने सुनाया कृष्ण चरित्र



संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम का चरित्र हर युग में प्राणी मात्र के लिए आदर्श चरित्र है। जबकि भगवान श्री कृष्ण का चरित्र सबके मन मे चलने वाली अबाध प्रक्रिया है। भागवत मे जो कंस है वह हमारे मनके अंदर बैठा अभिमान है। ज़ब अभिमान रूपी कंस मन पर अधिकार कर लेता है तो उसके अनुचर काम क्रोध मद लोभ मान मोह मतसर अपने आप आ जाते है जिन्हे भागवत मे पूतना, कालिया, बकासुर, अघासूर आदि नाम से बताया गया है। उक्त आध्यात्मिक विवेचना वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने शहर के पुराने पोस्ट ऑफिस के पास पितृ पक्ष के अवसर पर चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन करते हुए व्यक्त की। कथा मे पूतना वध, कालिया दहन, बकासुर, अघासूर आदि देत्य वध तथा गोयर्धन धारण की लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। इस अवसर पर कथा मे कृष्ण बाल लीला तथा गोवर्धन धारण की सजीव झांकी सजाई गयी। कथा के दौरान सुन्दर भजनों की मनोहारी प्रस्तुति ने सभी को आनंदित किया। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान रामवतार शर्मा- कलावती देवी व परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश, सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, पंडित आदित्यनायण सुरोलिया मुकुंदगढ़, विनोद खंडेलवाल, सुरेश खंडेलवाल, मोतीलाल लांबीवाला, सांवरमल गहलोत, रामवतार शर्मा श्योपुरा, कमल शर्मा, सांवरमल उदयपुरिया, सुनील शर्मा, राकेश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, गोपाल लाठ, गोपाल चौहान सुलताना, विश्वनाथ ढाढ़ौतिया, श्याम सुंदर साखुवाला, राजेश दायमा, रतनलाल गोयल, सुभाष धाबाई, सिद्धार्थ शर्मा, अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

